# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com


पत्रांकः आर0एम0पी0यू0 / 1120 / 2026 दिनांकः 21 जुलाई, 2026

## कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या आर0एम0पी0यू0 / 1118 / 2026 दिनांक 21 जुलाई 2026 द्वारा गठित समिति की आख्या के क्रम में तथा मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदन दिनांक 21.07.2026 द्वारा यह अवगत कराना है कि राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के गठन से पूर्व सत्र 2019–20 से बी.सी.ए. पाठ्यक्रम डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत आंतरिक एवं सतत् मूल्यांकन प्रणाली सहित संचालित था।

सत्र 2025–26 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय में बी.सी.ए. पाठ्यक्रम CBCS के अंतर्गत संचालित है, जिसमें प्रत्येक सेमेस्टर 20 क्रेडिट का निर्धारित है। दोनों पाठ्यक्रमों के तुलनात्मक परीक्षण से यह स्पष्ट है कि विषयवस्तु एवं अधिगम परिणाम मूलतः समान हैं तथा परिवर्तन केवल क्रेडिट संरचना के अनुरूप है।

पूर्ववर्ती पाठ्यक्रम के प्रथम चार सेमेस्टरों में प्रत्येक सेमेस्टर में चार कोर विषय, एक गणित विषय एवं एक प्रायोगिक प्रश्नपत्र तथा पाँचवें एवं छठे सेमेस्टर में मुख्यतः कोर विषय निर्धारित थे। प्रत्येक सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र हेतु नियमानुसार साप्ताहिक शिक्षण व्यवस्था भी निर्धारित थी।

अतः प्राचार्य / प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ अवगत हो कि पूर्ववर्ती बी.सी.ए. पाठ्यक्रम एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत लागू CBCS आधारित बी.सी.ए. पाठ्यक्रम शैक्षणिक दृष्टि से समतुल्य (Equivalent) माने जाएंगे। साथ ही, पूर्ववर्ती पाठ्यक्रम के प्रथम चार सेमेस्टरों के गणित विषय के चार प्रश्नपत्र वर्तमान CBCS व्यवस्था में अपेक्षित न्यूनतम 16 क्रेडिट के समतुल्य मान्य होंगे ।

21-7-26

(प्रबुद्ध सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदय, अलीगढ़ को सादर सूचनार्थ।
2. प्राचार्य / प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. निजी सचिव, मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner